# 2019

# HINDI

## ( Elective )

Paper : 5.2

**( Hindi Bhasha Evam Devanagari Lipi )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'खड़ीबोली' का उद्‌भव किस अपभ्रंश से हुआ है?

(ख) 'निमाड़ी' मूलतः कहाँ बोली जाती है?

(ग) 'में' कारक-चिह्न का विकास किस शब्द से माना जाता है?

(घ) पश्चिमी राजस्थानी को किस नाम से जाना जाता है?

(ङ) "शिलाँग असम की राजधानी थी।" इस वाक्य को शुद्ध कीजिए।

(च) देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है?

(छ) अयोध्या में कौन-सी भाषा बोली जाती है?

(ज) मध्य पहाड़ी के अंतर्गत आने वाली किसी एक बोली का नाम लिखिए।

(झ) राहुल सांकृत्यायन ने खड़ीबोली को कौन-सा नाम दिया था?

(ञ) भाषा के संदर्भ में 'यादृच्छिक' शब्द का क्या अर्थ है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) भाषा और बोली के दो अंतर लिखिए।

(ख) पूर्वी हिन्दी की दो बोलियों के नाम लिखिए।

(ग) भारत में पाई जाने वाली दो प्राचीन लिपियाँ क्या-क्या हैं?

(घ) पुरुषवाचक सर्वनाम से आप क्या समझते हैं?

(ङ) करण 'से' और अपादान 'से' में क्या अंतर है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) हिन्दी के किन्हीं तीन कारकों का परिचय दीजिए।

(ख) हिन्दी के प्रश्नवाचक सर्वनामों का प्रयोग दर्शाइए।

(ग) ब्राह्मी लिपि पर टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(घ) देवनागरी लिपि के गुणों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) उदाहरण सहित वचन-परिवर्तन के तीन नियम लिखिए।

(च) लिंग-परिवर्तन के किन्हीं तीन नियमों का उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) पश्चिमी हिन्दी की बोलियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) देवनागरी लिपि में क्या-क्या दोष पाए जाते हैं? उन दोषों का निवारण कैसे हो सकता है?

(ग) हिन्दी के कारक-चिह्नों ('से' को छोड़कर) का सोदाहरण प्रयोग दर्शाइए।

(घ) हिन्दी भाषा की उपभाषाओं का उल्लेख करते हुए 'मैथिली' और 'अवधी' बोलियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) वैज्ञानिक लिपि की विशेषताओं के आधार पर नागरी लिपि की समीक्षा कीजिए।

(च) संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी की स्थिति एवं गति का आकलन कीजिए।

(छ) हिन्दी भाषा के शब्द-समूह का विवेचन करते हुए इस दृष्टि से हिन्दी पर अन्य भाषाओं के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

(ज) राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी की भूमिका पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

★ ★ ★